शिविर — युवा दिवस पर विधिक साक्षरता शिविर आयोजित, युवाओं को संविधान, कानून व अधिकारों के प्रति किया जागरूक

# परिवार परामर्श से सुलझा पति-पत्नी का विवाद

**कोतमा नवभारत 13 जनवरी।** तहसील विधिक सेवा समिति, कोतमा द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर न्यायालय परिसर में युवा विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को संविधान, कानून, अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना रहा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश शासन के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल रहे, जबकि अध्यक्षता जिला एवं सत्र न्यायाधीश गंगा चरण दुबे ने की। युवा दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानंद के जीवन, विचारों एवं युवाओं के प्रति उनके संदेश पर विशेष व्याख्यान दिया गया। न्यायाधीश विक्रम सिंह द्वारा युवाओं को कानूनी अधिकार, पारिवारिक कानून, महिला एवं युवा संरक्षण कानून से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान परिवार परामर्श केंद्र के माध्यम से एक पति-पत्नी का विवाद जिला न्यायाधीश गंगा चरण दुबे की



मध्यस्थता में सौहार्दपूर्ण तरीके से सुलझाया गया। यह कार्यवाही मंत्री दिलीप जायसवाल की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुई।

## परिवार को टूटने से बचाया

परामर्श के दौरान पति ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए बताया कि जब मैं ससुराल जाता हूं तो मुझे सम्मान नहीं मिलता।' इस पर जिला न्यायाधीश ने पत्नी के मायके पक्ष को समझाइश देते हुए कहा कि दामाद का सम्मान भी पारिवारिक सौहार्द के लिए आवश्यक है, और दामाद की इच्छा अनुसार आज दो अंडा करी और चावल से स्वागत किया जाए, जिससे रिश्तों में मधुरता आए। समझाइश के पश्चात पति-पत्नी ने एक-दूसरे को माला पहनाकर विवाद समाप्त करने की सहमति दी, जिससे एक परिवार को टूटने से बचा लिया गया।

## मंत्री ने की अधिवक्ता संघ के विकास की घोषणा

इस अवसर पर मंत्री दिलीप जायसवाल ने अधिवक्ता संघ कोतमा के लिए भविष्य में नए विकास कार्यों की घोषणा करते हुए अधिवक्ताओं को शासन स्तर पर सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का संचालन तहसील विधिक सेवा समिति द्वारा किया गया। यह आयोजन युवाओं को न्याय प्रणाली से जोड़ने और सामाजिक समरसता को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में न्यायाधीश विक्रम सिंह, अरविंद कुमार वर्मा, अमनदीप सिंह छाबड़ा, उपेंद्र सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष अजय सराफ, मंडल अध्यक्ष पुष्पेंद्र जैन,बार काउंसिल अध्यक्ष राजेश सोनी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य भगवान दास मिश्रा, अधिवक्ता, युवा वर्ग एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



## आनंद उत्सव आयोजित होगा

**अनूपपुर, नवभारत।** शासन के निर्देशानुसार जिले में इस वर्ष भी आनंद उत्सव का आयोजन 14 से 28 जनवरी के मध्य किया जाएगा। इस संबंध में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अर्चना कुमारी द्वारा समस्त संबंधित अधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। आनंद उत्सव का मुख्य उद्देश्य नागरिकों में सहभागिता एवं उत्साह को बढ़ावा देना है, जिसके तहत समूह स्तर पर खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अधिकारियों के अनुसार आनंद उत्सव की मूल भावना प्रतिस्पर्धा नहीं बल्कि सहभागिता पर आधारित होगी। कार्यक्रमों का आयोजन ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में 14 से 24 जनवरी तक किया जाएगा, जबकि विकासखण्ड स्तरीय कार्यक्रम 24 से 28 जनवरी के मध्य आयोजित होंगे।

# वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

सोमवार-मंगलवार की दरम्यानी रात हुई दुर्घटना

**अनूपपुर, नवभारत 13 जनवरी।** पुलिस चौकी फुनगा अंतर्गत ग्राम कोलमी निवासी रामनरेश पाव की सोमवार-मंगलवार की दरम्यानी रात अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। प्रधान आरक्षक सूर्यभान सिंह एवं ट्रैफिक मित्र महेंद्र पनिका की मदद से घायल युवक को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रधान आरक्षक सूर्यभान सिंह ने बताया कि




प्रारंभिक जांच में युवक की मौत अज्ञात वाहन की टक्कर से होना प्रतीत हो रही है।

### अज्ञात वाहन की तलाश जारी

घटनास्थल से मृतक की मोटरसाईकिल क्रमांक सीजी 12 बीबी 9212 बरामद कर जब्त की गई है, जिसे पुलिस चौकी फुनगा में सुरक्षित रखा गया है। पुलिस ने पंचनामा एवं पोस्टमार्टम की कार्रवाई पूरी कर शव परिजनों को सौंप दिया है। अज्ञात वाहन की तलाश जारी है तथा मामले की जांच की जा रही है।

# रेलवे कॉरिडोर के लिए भूमि अधिग्रहण पर आपत्ति

जनसुनवाई की प्रक्रिया को नियमों के विरुद्ध बताया

**अनूपपुर, नवभारत ।** अनूपपुर थर्मल एनर्जी प्रोजेक्ट (एम.पी.पावर लिमिटेड) से जुड़े प्रस्तावित रेलवे कॉरिडोर के लिए भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया को लेकर आपत्ति दर्ज कराई गई है। जिला पंचायत सदस्य राम रिंकू मिश्रा ने कलेक्टर को पत्र लिखकर 16 जनवरी को होने वाली जनसुनवाई की प्रक्रिया को नियमों के विरुद्ध बताया है। पत्र में कहा गया है कि भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास एवं पुर्नस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 तथा मध्यप्रदेश नियम 2015 के प्रावधानों के अनुसार जनसुनवाई प्रत्येक प्रभावित ग्राम



सभा में आयोजित की जानी चाहिए। जबकि प्रस्तावित कार्यक्रम में विभिन्न ग्राम पंचायतों के लिए एक ही तिथि और एक ही स्थान पर जनसुनवाई आयोजित करने की बात कही गई है, जो नियमों के विपरीत है।

## पेसा एक्ट के तहत ग्राम सभा की सहमति लेना अनिवार्य है

मिश्रा ने यह भी उल्लेख किया कि कोतमा तहसील का क्षेत्र अनुसूचित क्षेत्र में आता है। ऐसे में पेसा एक्ट के अंतर्गत भूमि अधिग्रहण से पहले प्रत्येक ग्राम सभा की अलग-अलग बैठक कर सहमति लेना अनिवार्य है। एक साथ सामूहिक सुनवाई से प्रभावित ग्रामीणों को अपनी बात रखने का पूरा अवसर नहीं मिल पाता।

## प्रभावित सभी गांवों में जनसुनवाई आयोजित की जाए

पत्र के माध्यम से मांग की गई है कि रेलवे कॉरिडोर परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण से प्रभावित सभी गांवों में पृथक-पृथक जनसुनवाई आयोजित की जाए, ताकि कानून के अनुरूप पारदर्शी प्रक्रिया अपनाई जा सके और ग्रामीणों के अधिकार सुरक्षित रहे।

## आदर्शमुनि त्रिवेदी की स्मृति में व्याख्यानमाला

**नवभारत, जबलपुर।** स्व. आदर्शमुनि त्रिवेदी की जन्मजयंती के अवसर पर कलावीथिका में आयोजित स्मृतिसभा व्याख्यानमाला में अधिवक्ताओं और समाज के गणमान्य व्यक्तियों ने अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने त्रिवेदी की अद्भुत योग्यता, अधिवक्ताओं और पीड़ितों के प्रति उनके समर्पण, तथा युवाओं के प्रेरक व्यक्तित्व की चर्चा की। इस अवसर पर हाईकोर्ट अधिवक्ता संघ अध्यक्ष एड डीके जैन, जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष एड मनीष मिश्रा, विधायक अभिलाष पांडेय, पार्षद कमलेश अग्रवाल, आचार्य रोहित दुबे, टैक्स बार एसोसिएशन उपाध्यक्ष एस एस ठाकुर, गोपालकृष्ण हांडा और एड सुनील चौबे सहित अन्य वक्ताओं ने स्मृतियाँ साझा की।

# वार्ड क्रं . 15 और देवगवां की टीम ने दर्ज की जीत

रोमांचक मुकाबलों के बीच कोतमा पहुंचे केबिनेट मंत्री जायसवाल

**कोतमा नवभारत 13 जनवरी।** मंत्री प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दिन मंडल कोतमा अंतर्गत खेले जा रहे मैच के दौरान खेल मैदान में मध्यप्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल ने शिरकत की और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। दूसरे दिन कुल चार मैच खेले गए, जिनमें खिलाड़ियों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। पहला मुकाबला वार्ड क्रमांक 15 और चंगेरी के बीच खेला गया, जिसमें वार्ड 15 ने जीत दर्ज की। दूसरा मुकाबला पथरोड़ी और देवगवां के बीच हुआ, जिसमें देवगवां की टीम विजयी रही। तीसरा मुकाबला वार्ड क्रमांक 14



और वार्ड 04 के बीच कड़ी टक्कर हुई, जिसमें वार्ड 4 ने बाजी मारी। चौथा मुकाबला वार्ड क्रमांक 5 और वार्ड 6 के बीच खेला गया, जिसमें वार्ड 6 जीत दर्ज की।

## 18 से द्रोणाचार्य स्टेडियम में होगा महाकुंभ

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री दिलीप जायसवाल ने बताया कि इस भव्य खेल आयोजन में पांचों मंडलों कोतमा, बिजुरी, कोतमा ग्रामीण, राजनगर और राजनगर ग्रामीण से कुल 122 टीमें भाग ले रही हैं। प्रत्येक मंडल से शीर्ष 3-3 टीमें क्वालीफाई करेंगी। कुल 15 टीमें मुख्य स्पर्धा के लिए चुनी जाएंगी। इनके बीच अंतिम मुकाबले 18 से 24 जनवरी तक द्रोणाचार्य स्टेडियम में आयोजित किए जाएंगे।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नगर पालिका अध्यक्ष अजय सराफ, मंडल अध्यक्ष पुष्पेंद्र जैन, प्रभात मिश्रा, विजय पांडे, अजीत जैन, कैलाश जैन, राम शरण केवट, अभिषेक सराफ, अल्ताफ ढाकुर, अजय तोमर, प्रदीप सोनी, राजेंद्र सोनी, बद्री ताम्रकार, हनुमान गर्ग, नितिन सिरोटिया, रज्जन शुक्ला, अमरीश जायसवाल, संजीव जायसवाल, नीरेंद्र जैन, तनवीर असरफी, शरद आदि उपस्थित रहे।

### एक नजर में


## रैनबसेरा निर्माण में राशि के दुरुपयोग का आरोप



**अनूपपुर, नवभारत।** नगर पालिका परिषद अनूपपुर के वार्ड क्रमांक 2 स्थित पार्क के सामने प्रस्तावित रैनबसेरा निर्माण में सरकारी राशि के दुरुपयोग का मामला सामने आया है। इस संबंध में वार्ड क्रमांक 2 के पूर्व पार्षद पुरुषोत्तम चौधरी ने कलेक्टर अनूपपुर को लिखित शिकायत पत्र सौंपकर निष्पक्ष जांच की मांग की है। शिकायत पत्र में बताया गया है कि नगर पालिका की संपत्ति पर रैनबसेरा निर्माण का प्रस्ताव स्वीकृत किया गया था, जिसके तहत लगभग 15 लाख रुपये का टेंडर ठेकेदार विनोद खेमका को दिया गया। निर्माण कार्य के दौरान फाउंडेशन का निर्माण किया गया, जिस पर करीब 3 लाख रुपये की सरकारी राशि खर्च हुई।आरोप है कि कुछ लोगों द्वारा आपसी सांठ-गांठ कर तैयार किए गए फाउंडेशन को तोड़ दिया गया, जिससे सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचा है।

### निजी मकान का निर्माण किया गया

इतना ही नहीं, उसी स्थान पर निजी मकान निर्माण किए जाने की जानकारी भी सामने आई है, जो गंभीर अनियमितता और भ्रष्टाचार की ओर इशारा करती है। पूर्व पार्षद पुरुषोत्तम चौधरी ने कलेक्टर से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही उन्होंने उक्त स्थल पर पुन: रैनबसेरा निर्माण कराए जाने की भी मांग की है। शिकायत पत्र की प्रति मुख्य नगरपालिका अधिकारी अनूपपुर को भी सूचना स्वरूप भेजी गई है।




## निर्माण कार्यों की जानकारी पोर्टल पर दर्ज करें

कलेक्टर ने समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

**अनूपपुर, नवभारत ।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित नर्मदा सभागार में जिले के विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि जिले में संचालित समस्त निर्माण कार्यों की संपूर्ण जानकारी वर्क मैनेजमेंट सिस्टम पोर्टल पर अनिवार्य रूप से दर्ज की जाए, ताकि कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जा सके।

कलेक्टर ने कहा कि निर्माणाधीन सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किए जाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यों की नियमित समीक्षा, स्थल निरीक्षण एवं फोटोग्राफ सहित प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए, जिससे पारदर्शिता, गुणवत्ता और उत्तरदायित्व सुनिश्चित हो सके।

### विभिन्न कार्यों की समीक्षा की गई

बैठक में वर्क मैनेजमेंट सिस्टम पोर्टल के माध्यम से ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, मध्यप्रदेश सड़क विकास प्राधिकरण, जनजाति कार्य विभाग, लोक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, सर्व शिक्षा अभियान, विद्युत विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के प्रगतिरत, अप्रारंभ तथा पूर्ण कार्यों की स्थिति की समीक्षा की गई।

# स्वास्थ्य शिविर में 182 मरीजों का किया उपचार

रेडक्रॉस सोसायटी ने पचड़ीपानी में लगाया में लगाया था शिविर

**अनूपपुर, नवभारत।** इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी शाखा अनूपपुर द्वारा युवा दिवस सप्ताह के अवसर पर जिले के बैगा जनजाति बहुल्य ग्राम पचड़ीपानी (ग्राम पंचायत लखनपुर) में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर जिला मुख्यालय अनूपपुर से लगभग 12 किलोमीटर दूर स्थित गांव में कलेक्टर एवं रेडक्रॉस अध्यक्ष हर्षल पंचोली के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

शिविर के दौरान सिकल सेल एनीमिया, कुपोषण से ग्रस्त बच्चों की जांच, टीबी, मलेरिया, आंखों की जांच, ब्लड प्रेशर, शुगर तथा मौसमी बीमारियों की जांच की गई। साथ ही स्कूली बच्चों का भी स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई। इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी अनूपपुर शाखा के चेयरमैन एवं पूर्व सीएमएचओ डॉ. आर.पी. सोनी ने बताया कि इस शिविर में ग्राम पचड़ीपानी, लखनपुर, अगरियानार एवं




अकुआ से बड़ी संख्या में मरीज पहुंचे। शिविर में कुल 182 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर नि:शुल्क दवाइयों का वितरण किया गया।

## 60 वर्षीय मझलू का किया स्वास्थ्य परीक्षण, कंबल भेंट किया

ग्राम पंचायत लखनपुर के ग्राम अगरियानार निवासी 60 वर्षीय मझलू सिंह, जो जन्म से ही छोटे कद एवं शारीरिक विकृति से ग्रस्त हैं, का भी शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। चिकित्सकों द्वारा आवश्यक दवाइयां दी गई तथा ठंड से बचाव के लिए रेडक्रॉस कोषाध्यक्ष अशोक शर्मा द्वारा उन्हें कंबल प्रदान किया गया।

### इन डॉक्टरों ने सेवाएं प्रदान कीं

शिविर में डॉ. एसके सिंह (डीएचओ), डॉ. धनीराम सिंह, डॉ. शिवेंद्र द्विवेदी, डॉ. कुलदीप परस्ते, डॉ. एस.एन. पनाडिया, डॉ. उईके सहित मेडिकल मोबाइल टीम के स्टाफ, क्षेत्र की आशा कार्यकर्ता, आशा सुपरवाइजर, एमपीडब्ल्यू एवं सुपरवाइजरों ने सेवाएं प्रदान कीं। कार्यक्रम में रेडक्रॉस सभापति डॉ. आरपी सोनी, सचिव डॉ. देवेंद्र कुमार तिवारी, उपसरपंच धन्नूलाल पटेल, कमलाकर गौतम आदि की उपस्थिति रही।

## लंबित प्रकरणों का शीघ्र करें निराकरण : अर्चना

**अनूपपुर, नवभारत 13 जनवरी।** जिला पंचायत सभागार में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत पीएम जनमन तथा आवास प्लस योजना के तहत स्वीकृत आवास निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अर्चना कुमारी ने की। सीईओ ने पूर्व पाक्षिक बैठक के बाद अब तक हुई प्रगति की समीक्षा करते हुए पंचायत समन्वयक अधिकारियों को निर्देश दिए कि आवास निर्माण कार्यों का नियमित फॉलोअप किया जाए तथा जिन कार्यों की शुरुआत नहीं हुई है, उन्हें शीघ्र प्रारंभ कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि पीएम आवास जनमन एवं आवास प्लस के अंतर्गत निर्माण कार्यों की प्रगति की सतत मॉनिटरिंग सेक्टर बैठकों में की जाए तथा हितग्राहियों के कार्यस्थल पर जाकर निर्माण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए उन्हें कार्य पूर्ण करने हेतु लगातार प्रेरित किया जाए।




# वृद्धावस्था पेंशन दिलाने की मांग

कलेक्टर ने जनसुनवाई में 75 आवेदकों की समस्याएं सुनी

**अनूपपुर, नवभारत।** जिला स्तरीय जनसुनवाई मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में आयोजित की गई। जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर श्री हर्षल पंचोली ने कुल 75 आवेदनों पर सुनवाई करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अर्चना कुमारी, अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर प्राशी अग्रवाल सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने मौके पर ही आवेदकों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान की प्रक्रिया शुरू कराई।

## अधिग्रहण की मुआवजा राशि दी जाए

जनसुनवाई में तहसील अनूपपुर के ग्राम धुम्मा निवासी जुगरी सिंह ने वृद्धावस्था पेंशन दिलाए जाने, ग्राम बैरीबांध निवासी चम्पा देवी ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ दिलाए जाने, ग्राम बकही निवासी बुद्धसेन सिंह गोंड़ ने पट्टे की भूमि के एसईसीएल द्वारा अधिग्रहण किए जाने पर मुआवजा राशि दिलाए जाने, ग्राम धिरौल निवासी मोहनदास कोरी ने भूमि सीमांकन कराए जाने तथा तहसील पुष्पराजगढ़ के ग्राम नोनघटी निवासी समलेश गुप्ता ने भूमि बंटवारे से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम — कंबल एवं फूड पैकेट वितरित किए गए, क्लब के डिप्टी गवर्नर की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित

# लायंस क्लब इंटरनेशनल ने रेलवे स्टेशन में किया कुलियों का सम्मान

**अनूपपुर, नवभारत।** लायंस क्लब इंटरनेशनल के डिप्टी गवर्नर पीएमजेएफ लायन विजय अग्रवाल का 12 जनवरी को अपनी आधिकारिक यात्रा के अंतर्गत अनूपपुर आगमन हुआ। इस अवसर पर लायंस क्लब अनूपपुर टाउन द्वारा रेलवे स्टेशन अनूपपुर में कुलियों के सम्मान हेतु सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान स्टेशन मास्टर एवं स्टेशन अधीक्षक की उपस्थिति में रेलवे स्टेशन पर कार्यरत सभी कुलियों को शीत ऋतु को ध्यान में रखते हुए कंबल एवं फूड पैकेट वितरित किए गए। इस सेवा कार्य में स्वयं डि. गवर्नर लायन विजय अग्रवाल उपस्थित रहे और उन्होंने इस पहल की सराहना की।



## गतिविधियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया

इसके पश्चात डि. गवर्नर लायन विजय अग्रवाल होटल गोविंदम पहुंचे, जहां उनकी आधिकारिक यात्रा के संदर्भ में बैठक आयोजित की गई। बैठक में लायंस क्लब अनूपपुर के अध्यक्ष लायन कौशलेन्द्र सिंह ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया। सचिव लायन अन्नपूर्णा शर्मा ने क्लब की गतिविधियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, वहीं लायन अशोक शर्मा ने आभार व्यक्त किया।

## मानव सेवा से जुड़ी गतिविधियां होना चाहिए : अग्रवाल

मुख्य अतिथि डिप्टी गवर्नर लायन विजय अग्रवाल ने लायंस क्लब इंटरनेशनल की सेवा गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मानव सेवा से जुड़ी ऐसी गतिविधियां की जानी चाहिए, जो क्षेत्र की वास्तविक आवश्यकताओं को पूरा करें और जरूरतमंदों तक सीधा लाभ पहुंचाएं। उन्होंने लायंस इंटरनेशनल की कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी दी तथा उपस्थित सदस्यों को डिप्टी गवर्नर की पिन प्रदान कर सम्मानित किया एवं उनका व्यक्तिगत परिचय प्राप्त किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि लायन अमरदीप सिंह बघेल ने क्लब की सेवा गतिविधियों की सराहना की।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम का संचालन लायन चंद्रकांत पटेल द्वारा किया गया। इस अवसर पर क्लब के सदस्य लायन संतोष अग्रवाल, लायन राजेंद्र कुमार बियानी, सरोज बियानी, शिव कुमार गुप्ता, पी.एस. राऊतराय, राकेश गौतम, महेश दीक्षित, स्मिता दीक्षित, डॉ. असीम मुखर्जी, दुर्गेन्द्र सिंह भदौरिया, सरला भदौरिया, दीपक सोनी, रितु सोनी, अनिल सिंह, माया सिंह, हरिनारायण खेड़िया, लक्ष्मी खेड़िया, डॉ. आर.पी. सोनी, अमरदीप सिंह, नीरूपमा पटेल, पूर्णिमा रात्रे सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।